प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- केन्द्रीय रेलवे बजट में राजस्थान को 9 हजार 960 करोड़ रुपये आवंटित–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केन्द्र सरकार का आभार जताया।
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत अब विवाह के एक वर्ष तक आवेदन किये जा सकेंगे।
- देवनारायण जंयती पर आज प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन–भीलवाड़ा के मालासेरी मे देवनारायण जन्मस्थली पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में कई स्थानों पर बारिश।

.....................

केन्द्रीय रेलवे बजट में राजस्थान को 9 हजार 960 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये वर्ष 2009 से 2014 तक आवंटित बजट से साढे 14 गुना अधिक है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को विभिन्न राज्यों को आंवटित बजट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में 85 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है जिनका काम प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि बीते 11 वर्षों में राजस्थान में रेलवे ट्रैक पर डेढ हजार से ज्यादा फ्लाईओवर और अंडरपास बनाये गये हैं। वर्ष 2014 से अब तक 3 हजार 784 किलोमीटर रेल्वे ट्रेक बनाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राजस्थान में अब तक 5 हजार 143 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया गया है और लगभग शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रेल्वे बजट में राजस्थान को ज्यादा बजट आंवटित करने पर केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार प्रदेश में यातायात तथा परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे बजट में आधुनिकीकरण, रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं जिससे यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए पर्याप्त बजट दिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर स्टेशनों के पुनर्विकास के काम प्रगति पर है और जून तक बहुत से स्टेशनों का काम पूरा कर लिया जाएगा।

.....................

राज्य विधानसभा को डिजिटल और हाईटेक करने के लिए बनाए गए नेवा सेवा केन्द्र का कल उद्‌घाटन हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में इसका शुभारम्भ किया। श्री देवनानी ने बताया कि यह केन्द्र विधायकों के साथ अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए ई–लर्निंग कम ई–फैसिलेशन सेन्टर के रूप में काम करेगा। इस केन्द्र से विधान सभा को पेपरलैस बनाये जाने से संबंधित नेवा माडयूल्स का प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता विधायकों को उपलब्ध करवाई जायेगी। उन्होंने बताया कि ई–विधान एप्लीकेशन से राज्य विधान सभा के सदस्यों और अधिकारियों के साथ–साथ मीडिया अनुसंधानकर्ता और आम नागरिकों को विधान सभा से संबंधित विधेयक, रिपोर्टस, सदन के पटल पर रखे जाने वाले विधेयक, प्रश्न और बुलेटिन सहित अन्य कार्यवाही विवरण संबंधित सूचनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

.....................

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत अब आवेदक विवाह के एक वर्ष तक योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कल विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग ने योजना के तहत आवेदन के लिए तय समयावधि को 6 महीने से बढाकर एक वर्ष करने का सर्कुलर जारी कर दिया है। श्री गहलोत ने बताया कि पीलीबंगा विधानसभा क्षेत्र से कुल 541 आवेदकों ने आवेदन किए थे, इनमें से 511 आवदेकों को लाभान्वित किया जा चुका है।

.....................

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसल 2024–25 की 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल जयपुर में आयोजित हुआ। कृषि और उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने इस दौरान बताया कि किसानों को 05 फरवरी से एग्रीस्टेक योजना के तहत लगाये जाने वाले शिविरों में पॉलिसियों का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पॉलिसी नहीं ले पाने वाले किसान  अपनी फसल बीमा पॉलिसी संबंधित कृषि पर्यवेक्षक से प्राप्त कर सकते हैं। शासन सचिव ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में पॉलिसी वितरण के दौरान किसान पाठशाला के माध्यम से योजना का प्रचार–प्रसार किया जाएगा। बीमा कंपनियों की ओर से इन शिविरों में लगभग 1 करोड़ 53 लाख़ बीमा पॉलिसियों का वितरण किया जाएगा।

.....................

प्रदेशभर में आज देवनारायण जंयती मनाई जा रही है। इस अवसर पर भीलवाड़ा जिले के सवाई भोज मंदिर तथा देवनारायण जन्मस्थली मालासेरी गांव मे विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। सवाई भोज मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। उधर अजमेर में शोभा यात्रा निकाली जायेगी। ये शोभायात्रा ऊबड़ा देवनारायण मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वैशाली नगर स्थित देवनारायण मंदिर पंहुचेगी। इससे पहले कल देवनारायण जयंती के उपलक्ष में जयपुर के बिड़ला सभागार में समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान देवनारायण के अनुयायियों की सामाजिक समरसता में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने प्रदेशवासियों से भगवान देवनारायण के आदर्शों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

.....................

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कल सड़क निर्माण की जानकारी के लिये हिन्दी में तैयार की गई ''आपणी सड़काँ....एक मात्र संकल्पः गुणवत्तापूर्ण निर्माण'' पुस्तिका का विमोचन किया। इस पुस्तिका को सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से तैयार किया गया है। विमोचन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा की सरल बोल–चाल की भाषा में तैयार की गई यह पुस्तक सड़क निर्माण से जुड़े अभियन्ताओं–सुपरवाईजरों तथा अन्य लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी और गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी।

.....................

बालोतरा के सिणधरी में कल एक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई तथा 7 अन्य घायल हो गए। ये दुर्घटना सिणधरी के पाँयला खुर्द ग़ांव के पास दो कारों की आमने–सामने की टक्कर से हुई। ये सभी लोग एक ही परिवार के थे। उधर पाली में सुमेरपुर रोड़ पर कल दो मोटरसाईकिलों की टक्कर में एक युवती की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में घायल अन्य युवक को पाली के बांगड अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

.....................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में आये बदलाव से राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर कल शाम को हल्की बारिश हुई। आज भी कुछ जगहों पर बादल छाए हुए है और बूंदाबांदी हो रही है। पाली और भीलवाडा में आज सुबह रिमझिम बरसात हुई। हनुमानगढ़ में कोहरा छाया हुआ है।

सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां कल रात हुई बरसात के बाद ठण्ड का असर बढ गया है।

.....................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज भी जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, टोंक, धौलपुर, पाली, अजमेर, भीलवाडा, करौली, नागौर, सीकर और झुंझुनूं में हल्की बारिश की संभावना है। कल से तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट के आसार है।

.....................

आकाशवाणी और संस्कृति मंत्रालय ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित विशेष श्रृंखला **'हर कंठ में भारत'** का प्रसारण शुरू किया है। बसंत पंचमी से शुरू हुई ये श्रृंखला 16 फरवरी तक चलेगी। इसका प्रसारण रोजाना सुबह साढे नौ बजे जयपुर सहित देश के 21 स्टेशनों से किया जा रहा है। भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत का उत्सव मनाने के लिए ये रचनात्मक पहल की गई है। शास्त्रीय संगीत के विभिन्न स्वरूपों को बढ़ावा देना इसका उद्देश्य है।

.....................

राजस्थान स्टेट गैस ने कोटा में कल 12वां कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस–सीएनजी फिलिंग स्टेशन शुरू किया। इस स्टेशन से कोटा के लोगों को 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस स्टेशन से साढे सात हजार किलो सीएनजी रोजाना मिलेगी।

.....................

संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर कल लोकसभा में चर्चा हुई। इस दौरान, नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के संबोधन की आलोचना करते हुए कहा कि यह पिछले वर्षों का दोहराव ही था और इसमें केवल सरकार की उपलब्धियों का पुलिंदा पेश किया गया। राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए इस बात पर जोर दिया कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि जब भी महाकुंभ का उल्लेख होता है तो कांग्रेस खुश नहीं होती है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अब तक 35 करोड़ लोग भाग ले चुके हैं। अन्य सांसदों ने भी चर्चा के दौरान अपनी बात रखी।

.....................